दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

(Accredited A++ by NAAC)

पत्रांक : सम्बद्धता/2024/04/ 5030 दिनांक : 27/04/2024.

अति महत्वपूर्ण/समयवद्ध/अनुस्मारक–द्वितीय

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय
सम्बद्ध– दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

विषय– शैक्षिक सत्र 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 प्रवेशित विद्यार्थियों के सापेक्ष विश्वविद्यालय कोष में जमा की गयी विभिन्न शुल्क की धनराशि का विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया, उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि **शैक्षिक सत्र 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 में प्रवेशित विद्यार्थियों के सापेक्ष विश्वविद्यालय कोष** में जमा किये गये विभिन्न शुल्क का विवरण निम्न प्रारूप पर विश्वविद्यालय के पत्रांक सम्बद्धता / 2024 / 04 / 4943 दिनांक 06.04.2024 एवं पत्रांक सम्बद्धता / 2024 / 04 / 4992 दिनांक 16.04.2024 द्वारा सूचना मांगी गयी थी, परन्तु सम्बन्धित सूचना मात्र 100 महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

शेष महाविद्यालय जिन्होंने अभी तक वांछित सूचना प्रेषित नहीं किया है को माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि निम्न प्रारूप पर सूचना यथाशीघ्र प्रेषित करें अन्यथा आप द्वारा प्रेषित सम्बद्धता संबंधी एवं अन्य आवेदनों पर कार्यवाही नहीं की जायेगी। साथ ही आगामी सत्र 2024–25 में प्रवेश प्रतिबंधित किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

महाविद्यालय का नाम– ....

क्र0 सं0	शैक्षिक सत्र	कक्षा (यू0जी0 / पी0जी0) (वार्षिक / सेमेस्टर / सीबीसीएस)	छात्रों की संख्या (संस्थागत / व्यक्तिगत)	धनराशि	चालान संख्या (साक्ष्य सहित)	लेन–देन (ट्रान्जेक्शन) का माध्यम (साक्ष्य सहित)
1	2021–22					
2	2022–23					
3	2023–24					

नोट– प्रारूप में आवश्यकतानुसार (कक्षावार / सत्रवार) सेल की साइज घटायी / बढ़ायी जा सकती है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि उक्त प्रारूप में वांछित सूचना यथाशीघ्र पूरित कर साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को **दिनांक 06.05.2024 तक** आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(प्रो0 शान्तनु रस्तोगी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी सचिव कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. वैय0 सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

——

Scanned with OKEN Scanner